# तेज धमाकों से धधके बांसों से दहशत

▶ नौ बार दमकलों को पानी भरकर लाना पड़ा
▶ दो दिन में बांसों में आग लगने की लगातार दूसरी घटना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 19 मार्च. गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिले में आगजनी की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं. गुरुवार को शहर के इंग्लिशपुरा स्थित पार्वती कॉलोनी के पीछे सी-2 नाले के किनारे बांसों के झुंड में भीषण आग लग गई. आग इतनी विकराल थी कि सुलगते बांस तेज धमाकों के साथ फूटते रहे, जिससे आसपास के रहवासी क्षेत्रों में दहशत का माहौल बन गया. स्थिति पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और करीब नौ बार पानी डालकर आग बुझाई जा सकी.**

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही सीवन नदी के किनारे बांसों के झुंड में भीषण आग लगी थी, जिसमें हजारों बांस जलकर राख हो गए थे. इसके बाद गुरुवार को पार्वती कॉलोनी के पास फिर से आग भड़क उठी, जिससे क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त हो गया.



## सायरन बजाती दमकलों ने किया आशंकित

बांसों में लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकलों को बार- बार पानी भरने के लिए बालविहार मैदान स्थित टंकी तक जाना पड़ रहा था. ऐसे में सड़कों पर सायरन बजाती दौड़ रही दमकलों को देखकर लोगों को आशंका हो गई थी कि कोई बड़ा अग्निकांड हुआ है. कई लोग तो वाहनों से दमकलों का पीछा कर मौके पर पहुंच गए थे.

## एक जगह बुझाते, दूसरी जगह भड़क उठती आग

दमकलकर्मी एक झुंड की आग बुझाते, उससे पहले ही पास के दूसरे झुंड में आग सुलग उठती. इस दौरान लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए. कई लोग अपने घरों की छतों पर चढ़कर आग का विकराल रूप देखते नजर आए. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकलकर्मियों ने लगातार पानी डालकर आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया. करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. इस दौरान दमकल वाहनों को बार-बार पानी भरकर लाना पड़ा. कुल मिलाकर नौ बार पानी डालने के बाद स्थिति नियंत्रण में आई.

## संदिग्धों की हलचल से लोग रहे भयभीत

**बुधनी.** नगर के इंदिरा नगर क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे अज्ञात नकाबपोश युवकों द्वारा घरों में घुसने का प्रयास किए जाने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया. घटना के दौरान कुछ घरों में आहट सुनाई देने पर रहवासियों की नींद खुल गई, जिसके बाद संदिग्ध युवक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले. घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकल आए और आसपास क्षेत्र में तलाश शुरू की. सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर संदिग्धों की खोजबीन की गई. हालांकि देर रात तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका. पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे आरोपियों की पहचान और गतिविधियों का पता लगाया जा सके.

# चंदेरी के बुनकरों के विकास के लिए नई पहल

सिंधिया के प्रयास से कलेक्टर और सीएमडी के बीच एमओयू साइन

चंदेरी के बुनकरों को ईरी सिल्क से संबंधित बताईं बातें

नवभारत न्यूज

**चंदेरी। क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वी उत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुनकरों के विकास के लिए एक और नई पहल करते हुए इस इंडस्ट्री में ईरी सिल्क के उत्पादन का रास्ता खोल दिया है जिसके लिए हैंडलूम पार्क में हुई बैठक के दौरान जिला कलेक्टर साकेत मालवीय एवं नॉर्थ ईस्टर्न हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएमडी हमाराकोचु के बीच एम ओ यू साइन किया गया। जिसमें चंदेरी के बुनकरों को ईरी सिल्क से संबंधित उत्पादन कार्य से संबंधित प्रमुख बातें बताई गई।**

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार कलेक्टर ने उपस्थित बुनकरों को बताया की पदमा डोरी के नाम से नया प्रोडक्ट तैयार कर बाजार में उतारा जाएगा। चंदेरी के बुनकरों को पदमा डोरी के उत्पादनकार्य के लिए जिले में स्थापित जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिसका में अध्यक्ष हूं इसके माध्यम से कार्य संचालित किया जाएगा।



## शीघ्र होगा उत्पादन कार्य प्रारंभ

पदमा डोरी नाम से चंदेरी में साड़ियां, सूट, दुपट्टे, फैब्रिक स्टॉल एवं अन्य प्रकार का कपड़ा तैयार किए जाने की रूपरेखा प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई। उत्पादन कार्य प्रारंभ करने के लिए जल्द ही आगामी बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें बुनकर, मास्टर वीवर्स, स्वयं सहायता समूह आदि संबंधित कार्य में संलग्न शिल्प कला क्षेत्र के लोगों को इससे जोड़ने के लिए एवं उनके सुझाव लेने के लेकर उत्पादन कार्य को गति प्रदान की जाएगी ,जिससे क्षेत्र के सभी बुनकरों को रोजगार प्राप्त होगा।

# बीस लाख के 147 मोबाइल फोन बरामद

## बरामद मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपे

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 19 मार्च जिला पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल करते हुए विशेष अभियान के तहत 147 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 20 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों और साइबर सेल को सक्रिय करते हुए मोबाइल चोरी और गुमशुदगी के मामलों में सघन कार्रवाई की गई। पिछले करीब 6 महीनों के तकनीकी प्रयासों और ट्रैकिंग के जरिए इन मोबाइल फोन को ढूंढा गया। बरामद किए गए मोबाइलों में वीवो, सैमसंग, शाओमी, वनप्लस और आईफोन जैसी प्रमुख कंपनियों के महंगे हैंडसेट शामिल हैं। पुलिस ने तकनीकी लोकेशन, डेटा ट्रैकिंग और पोर्टल की मदद से इन मोबाइलों को ट्रेस किया। जांच में सामने आया कि अधिकांश मोबाइल शहर के भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे बाजार, सब्जी मंडी और मेलों में गुम हुए थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए इन्हें बरामद किया और उनके असली मालिकों को सौंप दिया। अपने खोए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।




## आज 200 यात्री जगन्नाथ पुरी के लिए होंगे रवाना

**राजगढ़ 19 मार्च, का.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत राजगढ़ जिले से आज 20 मार्च को सायंकाल 6 बजे ब्यावरा रेलवे स्टेशन से लगभग 200 श्रद्धालु तीर्थयात्री भगवान जगन्नाथ पुरी धाम की यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे. जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा, मार्गदर्शन एवं सुव्यवस्थित प्रस्थान हेतु रेलवे स्टेशन परिसर में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं. चयनित यात्रियों को सूचित किया गया है कि वे निर्धारित समय से पूर्व रेलवे स्टेशन पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा अपने साथ आवश्यक दस्तावेज, विशेष रूप से मूल आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं.

# विधायक पन्नालाल ने फिर दिखाए अपने तेवर

## कलेक्टर की तरफ देखकर बोले- आप जैसे नकारा अफसर आते जाएंगे और चले जाएंगे

नवभारत न्यूज

**गुना 19 मार्च का। मानस भवन में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'नव संवत्सर' कार्यक्रम के दौरान उस समय असहज स्थिति निर्मित हो गई, जब गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने मंच से ही जिला प्रशासन और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणियां कीं।**

विधायक ने गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के मुद्दे पर कलेक्टर की ओर इशारा करते हुए गुनिया नदी का जिक्र किया और यहां तक कह दिया कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, फिर कभी नहीं होगा। आप जैसे ऐसे ही नकारा अफर आते जाएंगे और चले जाएंगे।

कार्यक्रम में संबोधन दे रहे विधायक शाक्य ने जिला प्रशासन द्वारा गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के लिए उठाए जा रहे कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि यह काम इतना आसान नहीं है। उन्होंने कलेक्टर को सचेत किया कि इस मुहिम के दौरान दिल्ली और भोपाल से कई रसूखदारों के फोन आएंगे जो काम रुकवाने का दबाव बनाएंगे। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अगर आप किसी भी सिफारिशी संदेश के आने से पहले कार्रवाई कर देंगे तभी गुनिया मुक्त हो पाएगी।



## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**अशोकनगर।** जिले में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है। इस अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत मोहरीराय में पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग,तालाब गहरीकरण,गौशाला में पानी की टंकी आदि जल संरक्षण के कार्यों का भूमिपूजन एवं श्रमदान किया। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से जल संरक्षण अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिये जाने का आव्हान किया एवं निजी मकानों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने की अपील आमजन से की।

## एक नजर में



### मंदिरों में ध्वजा चढ़ाकर की गई पूजा-अर्चना

**बुधनी.** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 06 स्थित प्राचीन सिद्ध श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ विशेष आयोजन किया गया. इस अवसर पर मौनी बाबा समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा भगवान हनुमान जी को ध्वजा अर्पित की गई. सुबह से ही मंदिर में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी. श्रद्धालुओं ने पूजा कर सुख-समृद्धि और नगर की खुशहाली की कामना की.समिति के सदस्यों ने पूरे आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया. धार्मिक आयोजनों से मंदिर परिसर में भक्ति भाव का वातावरण बना रहा.

### उत्साह के साथ मनेगी भगवान झूलेलाल की जयंती

**गुना।** सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस और चेट्री चंड (सिंधी नव वर्ष) के पावन अवसर पर 20 मार्च को शहर में विभिन्न धार्मिक और सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष आनंद कृष्णानी ने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के सभी वर्गों से इस उत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है। उत्सव की शुरूआत शुक्रवार सुबह 10 :00 बजे जयस्तंभ चौक से होगी। यहाँ सिंधी समाज द्वारा सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और राहगीरों को पारंपरिक 'ताहिरी' (मीठे पीले चावल) का प्रसाद वितरित किया जाएगा। समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े स्तर पर सेवा कार्य के संकल्प के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। शाम के सत्र में आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी। शाम 4 से 5 बजे तक श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में 'सुखमनी साहिब' का पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5 बजे 'बहिराना साहिब' प्रज्वलित किया जाएगा, जिसमें समाजजन पारंपरिक गीतों और कीर्तन के माध्यम से भगवान झूलेलाल की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक अरदास की जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में रात्रि 8 :00 बजे से 9 :30 बजे तक भव्य लंगर सेवा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी समाज के परिवारों के साथ-साथ पंजाबी समाज और अन्य धर्मप्रेमी बंधु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। समाज के पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों से इन कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

### पार्षद की पहल पर सड़क सुधरी, डस्ट मुरम डाली

**आमला।** वार्ड क्रमांक 9 भगत सिंह बस स्टैंड क्षेत्र में खराब सड़क की शिकायत पर नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए रेलवे रेस्ट हाउस से हॉस्पिटल मोड़ तक डस्ट मुरूम डालकर सड़क को दुरुस्त किया। पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर की मांग पर हुए इस कार्य से राहगीरों को आवागमन में राहत मिलेगी। पार्षद ने इस कार्य के लिए नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया।

### खामखेड़ा में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**विदिशा,** विकासखंड के अंतर्गत सेक्टर खामखेड़ा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता पूजन के साथ हुआ. इस अवसर पर आशीष व्यास, नरेश बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री दीपक बाथम सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे. प्रशिक्षण में विभिन्न ग्रामों की समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए. कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास एवं समिति संचालन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई. दीपक बाथम ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की भूमिका एवं सामाजिक कार्यों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला. नवांकुर संस्था खामखेड़ा बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष श्री विनोद बघेल ने समिति संचालन एवं दस्तावेजीकरण के संबंध में मार्गदर्शन दिया.

# स्कूलों की मनमानी पर सख्ती, फीस-ड्रेस पर नजर

नवभारत न्यूज

**विदिशा 19 मार्च, जिले में संचालित सीबीएसई स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है. कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में जिले के 24 सीबीएसई स्कूलों के संचालक और प्राचार्य उपस्थित रहे. बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुस्तक एवं यूनिफॉर्म विक्रेता भी शामिल हुए. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी.**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी स्कूल 31 मार्च तक निर्धारित पोर्टल पर फीस की संपूर्ण जानकारी अनिवार्य रूप से अपलोड करें. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की फीस वृद्धि शासन के तय नियमों के अनुसार ही की जाएगी. मनमानी फीस वसूली या छिपी हुई चार्जेस पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई. स्कूलों की परिवहन व्यवस्था की भी गहन समीक्षा की गई. सभी बस और ऑटो चालकों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य किया गया है. वाहनों के दस्तावेज पूर्ण होना जरूरी होगा और स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर लगाना अनिवार्य रहेगा. इसके अलावा स्कूल परिसरों में फायर अलार्म और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.



अभिभावकों को राहत देते हुए प्रशासन ने यूनिफॉर्म और किताबों के मामले में सख्ती दिखाई है. तय समयावधि से पहले यूनिफॉर्म बदलने पर रोक लगाई गई है. साथ ही किसी भी अभिभावक को किसी विशेष दुकान से किताब या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की जबरन व्यवस्था पूरी तरह प्रतिबंधित है. वहीं महिला कर्मचारियों की सुरक्षा पर जोर बैठक में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई.

# चैत्र नवरात्रि में देवी आराधना का दौर हुआ शुरू

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि गुरुवार से प्रारंभ होने के साथ ही देवी आराधना का दौर शुरू हो गया. नवरात्रि में जगह-जगह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है. इस मौके पर महामाई दरबार में भी श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं मेला का आयोजन किया जा रहा है.**

चैत्र नवरात्रि को लेकर बुधवार को दिनभर तैयारियों का दौर चलता रहा. इस अवसरों पर मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई. वहीं गुरुवार को सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही. इस मौके पर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए.चैत्र नवरात्रि में श्री महामाई माता डांगवाली के दरबार में आयोजित श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ का गुरुवार को शुभारंभ हुआ. वैदिक मंत्रोच्चारों से श्री देवी पूजन, कलश व अग्नि स्थापना कराई गई तथा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ. सुबह विधायक उमाकांत शर्मा ने 12 ब्राह्मणों के साथ मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नवसंवत्सर का स्वागत किया.




## लंबे इंतजार उपरांत कांग्रेस के 13 नगर अध्यक्ष घोषित

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 19 मार्च,का.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रिववृत सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस ने बीती रात्रि को जिले के सभी 13 नगरों के नगर इंकाध्यक्षों के नाम घोषित कर दिये है. उल्लेखनीय है कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चयन हेतु कांग्रेस में लंबे समय से रस्साकसी चल रही थी. पार्टी ने सक्रियता, जातीय समीकरण और योग्यता का मापदंड रखते हुए जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में अपने अध्यक्ष नियुक्त कर दिये है. इनमें ब्यावरा नगर इंकाध्यक्ष पद पर कपिल शिवहरे को पार्टी ने दूसरी बार अवसर दिया है. जिन इंका नेताओं, कार्यकर्ताओं को पार्टी ने नगर इंकाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है.



# ग्रामीणों को प्यासा मार रही इंटरनेट की लाइन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/सुठालिया 19 मार्च, सं. केन्द्र सरकार पंचायत स्तर पर इंटरनेट हेतु केबल बिछाने का काम करा रही है. यह काम जीओ नेटवर्क द्वारा किया जा रहा है. दुर्भाग्य यह है कि इंटरनेट देने के बदले में ग्रामीणों को उक्त कंपनी प्यासा मरने को मजबूर कर रही है. केबल डालने में असावधानी के कारण पाइप लाइन फूट रही है. इससे कई गांवों में पीने के पानी का संकट खड़ा हो रहा है.**

उल्लेखनीय है कि पहाड़गढ़ परियोजना के तहत सुठालिया क्षेत्र के लगभग 77 ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की जाती है, जल मिशन विभाग द्वारा पानी सप्लाई किया जाता है किंतु वर्तमान में दूर संचार कंपनी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिछाई जा रही केबल लाइन के कार्य के चलते आये दिन पेयजल लाइन में टूटफूट होने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही है, कई दिन तक संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है.

गौरतलब है कि परियाजना के तहत जल जीवन मिशन द्वारा पेयजल सप्लाई की जाती है, इन दिनों जीओ नेटवर्क द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है. मशीन के द्वारा अंडरग्राउण्ड केबल बिछाई जा रही है, जिसमें आये दिन मशीन से नलजल योजना की लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है. गुरुवार को भी कानेड के यहां लाइन टूटने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो गई. इससे कई गांवों को प्यासा मरने को मजबूर होना पड़ा. केन्द्र सरकार ने प्रत्येक पंचायत मुख्यालय को इंटरनेट से जोड़ने का पिछले कार्यकाल में वादा किया था.

## प्रबंधन द्वारा बताने के बाद भी फूट रही लाइन

पेयजल सप्लाई करने वाले प्रबंधन के अनुसार उनके द्वारा पेयजल लाइन कहां-कहां से गुजर रही है, इसको लेकर अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके आये दिन मशीन से पेयजल सप्लाई लाइन टूट रही है. हालांकि क्षतिग्रस्त लाइन को ठेकेदार द्वारा ही ठीक किया जा रहा है किंतु बार-बार लाइन टूटने से पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो रही है.

निर्माण ▶ मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत विभिन्न वार्डों में किया जा रहा सड़कों का निर्माण

# अवैध कालोनियो में नगरपालिका करा रही घटिया सड़क निर्माण

**मुलताई। नगर में नगर पालिका द्वारा अवैध कालोनियों मे शासन के आदेश को ठेंगा बताकर मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत विभिन्न वार्डो में सड़को का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भारी अनिमितायताए सामनें आ रही है,कहीं कहीं सड़के एक माह में ही उखड़ने लगी है तो कही बिना अर्थवर्क के लिए घटिया सीसी रोड बनाई जा रही है।**

नियमानुसार उक्त योजना में किसी भी अवैध कालोनियों में निर्माण नही किया जाना था । लेकिन नगर में बनने वाली अंधिकांश सडके अवैध कालोनी में बनाई जा रही है। वही नई बनी हुई सड़के एक माह में उखड़ने लगी है जिसके चलते वार्ड वासियों में भारी असंतोष है। ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रखकर घटिया निर्माण किया जा रहा है, जिस पर जनप्रतिनिधियों द्वारा मौन रहकर स्वीकृति द दी जा रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड रहा है। नगर में फव्वारा चौक के नजदीक मस्जिद के सामने मुख्य मार्ग से डॉक्टर बोडखे के दवाखाना तक रोड बनाया गया था जो कि एक माह में ही उखड गया, हालत ये हो गया है कि वहां दुकानदारो को दिन भर धुल झाडना पड रहा है। जिसके बाद भी मौके पर नाही जनप्रतिनिधी पहुच रहे है और नाही नगर पालिका के अधिकारी पहुच रहे है। इस स्थिति को देखकर यह महसुस हो रहा है कि नगर निकाय मात्र रोड बनाकर खाना पुर्ति कर रही है। जिसका सीधा फायदा ठेकेदार को हो रहा है। ठेकेदार अपने अनुसार घटिया निर्माण कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना के साथ साथ पेयजल पाईप लाईन का भी कार्य किया जा रहा है । भगतसिहं वार्ड में जारी कार्य के संबध मे उपयंत्री महेश त्रिवेदी ने बताया कि इस सडक का अर्थवर्क कर दिया गया था। जिसके बाद पाईप लाईन बिछाने सड़के खोदी दी गई ।



## नगर में लगभग साढ़े 4 करोड़ की बनना है सड़क और नाली

नगर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अन्तर्गत लगभग 4 करोड के सीसी सडक के कार्य होना है जो कार्य भोपाल की कंपनी तनुष्का कन्ट्रेक्शन को मिला है जिसके द्वारा नगर में विभिन्न वार्डो में सडक एवं नालिया बनाई जाना है। गुरूवार को उक्त कंपनी के द्वारा भगतसिहं वार्ड में सडक का निर्माण किया जा रहा था जिसमें वार्ड वासियो का आरोप है कि सडक का निर्माण घटिया हो रहा है सडक में साथ नालिया बनाई जाना था लेकिन नही बनाई जा रही है जिसमें कारण सडकों का पानी मकानों में घुस रहा है,उनके द्वारा यह भी आरोप लगाया की सड़क में अर्थवर्क नही किया गया है।

## महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि - नारोलिया

**नर्मदापुरम** संसद भवन एनेक्सी के समिति कक्ष में आज भारत सरकार की महिला सशक्तिकरण संबंधी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने समिति की सदस्य के रूप में शिरकत की और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर प्रखरता से अपने विचार साझा किए। बैठक का मुख्य एजेंडा महिलाओं की साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध रहा। वर्तमान डिजिटल युग में महिलाओं के विरुद्ध बढते ऑनलाइन अपराधों को देखते हुए, समिति ने इस विषय पर गहन विचार-विमर्श किया।